# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2023

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2023

## (ANNUAL / वार्षिक)

## हिन्दी

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश:

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पुर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. यह प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है- खण्ड - 'अ' एवं खण्ड - 'ब"

6. खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com

SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।

1. चरम वैयक्तिकता ही परम सामाजिक है'- किस शीर्षक पाठ की पंक्ति है ?

(a) रोज

(b) सिपाही की माँ

(c) शिक्षा

(d) प्रगीत और समाज

2. अंतोन चेखव किस देश के रहने वाले थे ?

(a) जापान

(b) ब्रिटेन

(c) रूस

(d) जर्मनी)

3. जयशंकर प्रसाद का निधन कब हुआ था ?

(a) 1937 ई-

(b) 1950 ई.

(c) 1999 ई.

(d) 2010 ई.

BiharboardQuestionpaper.com

4. तुलसीदास का स्थायी निवास स्थान कहाँ था

(a) पाटलिपुत्र

(b) काशी

(c) झांसी

(d) वृंदावन

5. सूरदास का जन्म स्थान कहाँ है ?

(a) सीही

(b) अमेठी

(c) बाँदा

(d) जयपुर

6. अशोक वाजपेयी किस काल के कवि हैं ?

(a) आदिकाल

(b) भक्तिकाल

(c) रीतिकाल

(d) आधुनिक काल

7. 'अधिनायक' कैसी कविता है ?

(a) गद्य कविता

(b) व्यंग्य कविता

(c) पद्य कविता

(d) छायावादी कविता

BiharboardQuestionpaper.com

8. 'हार-जीत' किस प्रकार की रचना है ?

(a) गद्य-गीत

(b) व्यंग्य-गीत

(c) शोक-गीत

(d) हास्य गीत

9. बालकृष्ण भट्ट की माता का क्या नाम है ?

(a) सुशीला देवी

(b) रजनी देवी

(c) पार्वती देवी

(d) सविता देवी

10. निबंध लेखन की दृष्टि से भारतेंदु युग कैसा था ?

(a) उर्वर

(b) अनुपयोगी

(c) प्रगतिशील

(d) प्रतिगामी

11. 'जल' शब्द क्या है ?

(a) पुलिंग

(b) स्त्रीलिंग

(c) उभयलिंग

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

12. 'देवता' शब्द क्या है ?

(a) पुलिंग

(b) स्त्रीलिंग

(c) उभयलिंग

(d) इनमें से कोई नहीं

13. श्रद्धा' शब्द का विलोम क्या है?

(a) ईर्ष्या

(b) घृणा

(c) वात्सल्य

(d) भक्ति

14. 'वार्तालाप' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(a) वार्ता + आलाप

(b) वार्ता + लाप

(c) वात + आलाप

(d) वात + लाप

15. 'सद्‌वाणी' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(a) सत् + वाणी

(b) सद् + वाणी

(c) सदा + वाणी

(d) सत्य + वाणी

BiharboardQuestionpaper.com

16. 'नयन' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(a) ने + यन

(b) ने + अन

(c) ने + यन

(d) नय + न

17. करूणा' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(a) कारूणिक

(b) करूना

(c) कारनिक

(d) दारुण

18. जड़' शब्द का विलोम क्या है ?

(a) जन्म

(b) चेतन

(c) जंगम

(d) नश्वर

19. 'खण्डन' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(a) टुकड़े करना

(b) तोड़ना

(c) मण्डन

(d) खण्डित करना

BiharboardQuestionpaper.com

20. 'दया' शब्द कौन संज्ञा है ?

(a) जातिवाचक

(b) व्यक्तिवाचक

(c) भाववाचक

(d) समूहवाचक

21. 'लाल-पीला होना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(a) क्रोध करना

(b) तेवर बदलना

(c) रंग बदलना

(d) मुद्राएं बनाना

22. लोहे के चने चबाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(a) सुदृढ़ बनाना

(b) कठिन परिश्रम करना

(c) कठिनाई में फँसना

(d) अधीनता स्वीकार करना

23. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(a) आस्तिक

(b) नास्तीक

(c) घिर्णा

(d) पराजीत

BiharboardQuestionpaper.com

24. 'लड़ाका' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(a) आका

(b) आ

(c) डाका

(d) अका

25. 'चचेरा' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(a) रा

(b) आ

(c) एरा

(d) अ

26. 'टिकाऊ' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(a) अऊ

(b) आऊ

(c) ऊ

(d) उ

27. 'पराकाष्ठा' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(a) परा

(b) पराका

(c) पराकाष

(d) पर

BiharboardQuestionpaper.com

28. 'निराहार' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(a) नि:

(b) निराह

(c) निर

(d) निर्

29. 'दुर्बल' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(a) दब

(b) दुर

(c) दबा

(d) दुब

30. हिन्दी में पदबंध के कितने भेद हैं ?

(a) पाँच

(b) दस

(c) तीन

(d) छः

31. बोधा सिंह के पिता का नाम क्या था ?

(a) वजीरासिंह

(b) लहनासिंह

(c) हजारसिंह

(d) कीरतसिंह

BiharboardQuestionpaper.com

32. एक अकालिया सिख के बराबर होता है?

(a) दो लाख

(b) सवा लाख

(c) एक लाख

(d) दतीन लाख

33. छात्र आंदोलन का नेतृत्व स्वीकार करते समय जयप्रकाश नारायण की स्थिति कैसी थी?

(a) बुढ़ापा और बीमारी

(b) पूर्ण स्वस्थ

(c) युवक

(d) जर्जर

34. दलविहीन लोकतंत्र किसका मूल उद्देश्य है ?

(a) मार्क्सवाद तथा लेनिनवाद

(b) प्रगतिवाद

(c) पूँजीवाद

(d) साम्यवाद

35. प्रिन्स क्रोपोटकिन किस विषय के विद्वान थे ?

(a) हिन्दी

(b) अर्थशास्त्र

(c) दर्शनशास्त्र

(d) मनोविज्ञान

BiharboardQuestionpaper.com

36. 'कौआ पेड़ पर बैठा है'- किस कारक का उदाहरण है ?

(a) अधिकरण

(b) संबोधन

(c) कर्ता

(d) कर्म

37. 'हे भगवान ! इस गरीब की रक्षा कर' किस कारक का उदाहरण है?

(a) कर्ता

(b) संबोधन

(c) संप्रदान

(d) अधिकरण

38. 'मोहन जाता है'- किस काल का उदाहरण है ?

(a) वर्तमान काल का

(b) भूतकाल का

(c) भविष्यत् काल का

(d) पूर्ण भूतकाल का

39. 'श्याम ने खाया'- किस काल का उदाहरण है ?

(a) भूतकाल का

(b) भविष्यत् काल का

(c) वर्तमान काल का

(d) सामान्य वर्तमान काल का

BiharboardQuestionpaper.com

40. 'सभा' शब्द क्या है ?

(a) स्त्रीलिंग

(b) पुल्लिंग

(c) उभयलिंग

(d) इनमें से कोई नहीं

41. 'प्रगीत और समाज' के लेखक का नाम क्या है ?

(a) मलयज

(b) ओम प्रकाश वाल्मीकि

(c) नामवर सिंह

(d) जे. कृष्णमूर्ति

42. उदयप्रकाश की रचना का नाम क्या है ?

(a) शिक्षा

(b) तिरिछ

(c) जूठन

(d) प्रगीत और समाज

43. नामवर सिंह का आलोचनात्मक निबंध कौन है ?

(a) अर्धनारीश्वर

(b) बातचीत

(c) ओ सदानीरा

(d) प्रगीत और समाज

BiharboardQuestionpaper.com

44. जयप्रकाश नारायण की रचना का नाम क्या है ?

(a) तिरिछ

(b) जूठन

(c) संपूर्ण क्रांति

(d) शिक्षा

45. जयशंकर प्रसाद की रचना कौन है ?

(a) तुमुल कोलाहल कलह में

(b) उषा

(c) छप्पय

(d) गाँव का घर

46. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की कितनी कहानियाँ हैं ?

(a) तीन

(b) दस

(c) पचास

(d) सौ

47. बालकृष्ण भट्ट किस काल के रचनाकार हैं ?

(a) भारतेन्दु युग

(b) भक्तिकाल

(c) रीतिकाल

(d) द्विवेदी युग

BiharboardQuestionpaper.com

48. बातचीत के जरिये भाप बनकर क्या बाहर निकल जाता है ?

(a) ईर्ष्या

(b) द्वेष

(c) मवाद या धुआँ

(d) क्लेश

49. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी किस वर्ष लिखी गयी ?

(a) 1920 ई.

(b) 1915 ई.

(c) 1921 ई.

(d) 1914 ई.

50. लहनासिंह किस देश की ओर से युद्ध कर रहा था ?

(a) इंग्लैण्ड

(b) फ्रांस

(c) रूस

(d) अमेरिका

51. 'ताबाँ' शब्द कौन संज्ञा है ?

(a) व्यक्तिवाचक

(b) द्रव्यवाचक

(c) समूहवाचक

(d) भाववाचक

BiharboardQuestionpaper.com

52. 'राज्यपाल' शब्द की संज्ञा है ?

(a) जातिवाचक

(b) व्यक्तिवाचक

(c) समूहवाचक

(d) द्रव्यवाचक

53. 'सूरदास' शब्द कौन संज्ञा है ?

(a) जातिवाचक

(b) व्यक्तिवाचक

(c) द्रव्यवाचक

(d) समूहवाचक

54. 'कविश्रेष्ठ' शब्द कौन समास है ?

(a) तत्पुरुष

(b) द्विगु

(c) कर्मधारय

(d) अव्ययीभाव

55. 'चक्रनपाणि शब्द कौन समास है?

(a) बहुव्रीहि

(b) कर्मधारय

(c) तत्पुरुष

(d) द्वन्द्व

BiharboardQuestionpaper.com

56. 'आजन्म' शब्द कौन समास है ?

(a) अव्ययीभाव

(b) कर्मधारय

(c) द्वन्द्व

(d) द्विगु

57. 'हाथ-पैर' शब्द कौन समास है ?

(a) द्विगु

(b) द्वन्द्व

(c) अव्ययीभाव

(d) तत्पुरुष

58. 'सफल' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(a) असक्षम

(b) पराजित

(c) विफल

(d) कमजोर

59. प्रशंसा शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(a) निन्दा

(b) दोष

(c) आरोप

(d) कष्ट

BiharboardQuestionpaper.com

60. पीठ दिखाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(a) हार कर भाग जाना

(b) हरा देना

(e) साथ देना

(d) पराजित होना

61. पलटन का विदूषक कौन था ?

(a) लहना सिंह

(b) वजीरा सिंह

(c) उधम सिंह

(d) बार्क सिंह

62. 'माया' किस शीर्षक पाठ की पात्रा है ?

(a) रोज

(b) तिरिछ

(c) सिपाही की माँ

(d) जूठन

63. 'परमात्मा आपको सुखी रखे'- यह कथन किसका है ?

(a) आगन्तुक लड़की

(b) पुरोहित

(c) चौधरी

(d) कुंती

BiharboardQuestionpaper.com

64. 'सिपाही की माँ' शीर्षक एकांकी किस संकलन का अंग है ?

(a) अंडे के छिलके तथा अन्य एकांकी

(b) नए बादल

(c) पैर तले जमीन

(d) आधे-अधूरे

65. अशोक वाजपेयी ने राज्य की सेवा किस रूप में की ?

(a) भारतीय प्रशासनिक सेवा

(b) आलोचक के रूप में

(c) राजनीतिज्ञ के रूप में

(d) अर्थशास्त्री के रूप में

66. विनोद कुमार शुक्ल को 1999 ई० में कौन पुरस्कार मिला ?

(a) साहित्य मनीषी

(b) साहित्य अकादमी पुरस्कार

(c) ज्ञानपीठ पुस्कार

(d) पद्मभूषण

67. विनोद कुमार शुक्ल का जन्म स्थान कहाँ है ?

(a) दुर्ग, छत्तीसगढ़

(b) राजनांदगांव छत्तीसगढ़

(c) देहरादून, उराखंड

(d) वाराणसी, उत्तर प्रदेश

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

68. रघुवीर सहाय का जन्म-स्थल कहाँ है ?

(a) लखनऊ, उत्तर प्रदेश

(b) दुर्ग, छत्तीसगढ़

(c) लमही, वाराणसी

(d) श्योपुर, ग्वालियर

69. रघुवीर सहाय को उनकी किस कृति पर 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' मिला था ?

(a) इत्यलम्

(b) आत्महत्या के विरुद्ध

(c) लोग भूल गये हैं

(d) सीढ़ियों पर धूप में

70. मुक्तिबोध ने एम. ए. किस विषय से किया था ?

(a) हिन्दी

(b) अंग्रेजी

(c) संस्कृत

(d) इतिहास

71. निम्न में से दलित आत्मकथा शीर्षक पाठ कौन है ?

(a) तिरिछ

(b) जूठन

(c) शिक्षा

(d) रोज

BiharboardQuestionpaper.com

72. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी में किस शहर का चित्रण है ?

(a) जयपुर

(b) लखनऊ

(c) अमृतसर

(d) चंडीगढ़

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

73. 'कुड़माई' का क्या अर्थ होता है ?

(a) विवाह

(b) मँगनी

(c) तिलक

(d) गौना

74. लोकनायक' किसे कहा जाता है ?

(a) जयप्रकाश नारायण

(b) दिनकर

(c) नामवर सिंह

(d) मोहन राकेश

BiharboardQuestionpaper.com

75. 'नारी और नर एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएँ है।' किस रचनाकार की पंक्ति है?

(a) मलयज

(b) जयप्रकाश नारायण

(c) रामधारी सिंह दिनकर

(d) भगत सिंह

76. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ का सम्बन्ध किस विधा से है ?

(a) उपन्यास

(b) कहानी

(c) नाटक

(d) निबंध

77. 'चौर' कैसे ताल हैं ?

(a) उथले

(b) चौड़े

(c) गहरे

(d) लबालब

78. 'राम पुरवा' कहाँ है ?

(a) भितिहरवा के पास

(b) नवगछिया के पास

(c) सिमरिया के पास

(d) देहरादून के पास

79. गंडक नदी का जल सदियों से कैसा रहा है ?

(a) चंचल रहा है

(b) शांत रहा है

(c) ठंडा रहा है

(d) गर्म रहा है

BiharboardQuestionpaper.com

80. सिपाही की माँ निम्नांकित में से कौन है ?

(a) बिशनी

(b) मुन्नी

(c) चुनी

(d) कुंती

81. 'देश पर मर मिटने वाले लोग' कौन पदबंध है ?

(a) विशेषण पदबंध

(b) संज्ञा पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) सर्वनाम पदबंध

82. 'बादल घिरे और मयूर नाचने लगे'- कौन वाक्य है ?

(a) सरल वाक्य

(b) मिश्र वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) इनमें से कोई नहीं

83. 'ग' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(a) कंठ

(b) तालु

(c) मूर्द्धा

(d) दन्त

BiharboardQuestionpaper.com

84. 'च' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(a) तालु

(b) दंत

(c) मूर्द्धा

(d) ओष्ठ

85. 'फ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(a) ओष्ठ

(b) दंत

(c) कंठ

(d) मूर्द्धा

86. 'गुरूपदेश' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(a) गुरु + पदेश

(b) गुरु + प्रदेश

(c) गुरु + उपदेश

(d) गुरु + देश

87. 'हताहत' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(a) हत + हत

(b) हता+ हत

(c) हत + आहत

(d) हताह + त

BiharboardQuestionpaper.com

88. 'नकलची' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(a) ची

(b) नक

(c) अची

(d) न

89. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(a) वाल्मीकि

(b) अभीनेत्री

(c) संवीधान

(d) साहीत्य

90. नायक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(a) नायिका

(b) नायकी

(c) नायाकी

(d) इनमें से कोई नहीं

91. माँ किसके भय से अपने लाल को गोद से नहीं उतारी थीं ?

(a) कीड़ो के भय से

(b) शीत के डर से

(c) गिर पड़ने के डर से

(d) मिट्टी लगने के भय से

BiharboardQuestionpaper.com

92. पुत्र वियोग से माँ का जीवन कैसा हो गया है ?

(a) सूना-सूना

(b) खुशहाल

(c) आनन्दित

(d) सुखमय

93. 'जूठन' शीर्षक पाठ हिंदी साहित्य की कौन विधा है ?

(a) शब्दचित्र

(b) रेखाचित्र

(c) निबंध

(d) आत्मकथा

94. कली राम हेडमास्टर किस पठित पाठ का पात्र है ?

(a) रोज

(b) जूठन

(c) तिरिछ

(d) उसने कहा था

95. नामवर सिंह के ललित निबन्ध का नाम क्या है ?

(a) बकलमखुद

(b) मश्क

(c) जंगल और भेड़िया

(d) परमात्मा का कुत्ता

BiharboardQuestionpaper.com

96. 'अण्डे के छिलके' के रचनाकार का नाम क्या है ?

(a) मोहन राकेश

(b) मलयज

(c) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(d) नामवर सिंह

97. 'क्लर्क की मौत' के लेखक का नाम क्या है ?

(a) अंतोन चेखव

(b) हेनरी लोपेज

(c) गाइ -डि मोपासाँ

(d) इनमें से कोई नहीं

98. ज्ञानेंद्रपति के माता-पिता का नाम क्या है ?

(a) सरल देवी एवं देवेन्द्र प्रसाद चौबे

(b) निर्मला देवी एवं परमानन्द वाजपेयी

(c) कलावती एवं हरदेव सहाय

(d) रेमा देवी एवं रामा सिंह

99. रघुवीर सहाय के पिता क्या थे ?

(a) वकील

(b) जज

(c) शिक्षक

(d) पुलिस अधिकारी

BiharboardQuestionpaper.com

100. डरा हुमा मन बेमन जिसका, बाजा रोज बजाता है।' - यह पक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(a) छप्पय

(b) अधिनायक

(c) हार-जीत

(d) गाँव का घर

## SECTION-B

### विषयनिष्ठ प्रश्न

BiharboardQuestionpaper.com

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें:

(i) मेरे प्रिय रचनाकार

(ii) हमारे त्योहार

(iii) हमारे प्रिय खेल

(iv) समय का महत्त्व

(v) मोबाइल: आधुनिक यंत्र मानव

(vi) गंगा नदी

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें:

(i) "इसी प्रकार पुरुष भी स्त्रियोचित गुणों को अपनाकर समाज में स्त्रेण कहलाने से घबराता है |"

(ii) "वसुंधरा भोगी मानव और धर्मांध मानव एक ही सिक्के के दो पहलू है।

(iii) "भगति विमुख जे धर्म सो सब अधर्म करि गाए।"

(iv) "कहुक खात, कुछ धरनिगिरावत,

छबि निरखति नंद- रनियाँ। "

3. अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन-पत्र लिखें जिसमें मासिक शुल्क माफ़ करने का आग्रह हो।

अथवा

नया खाता खुलवाने हेतु बैंक प्रबन्धक के पास एक आवेदन-पत्र लिखें।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें:

(i) हरचरना कौन है? उसकी पहचान बतलाइये।

(ii) बिटिया कहाँ-कहाँ लोहा पहचान पाती है ?

(iii) व्यावहारिक राजनीति क्या होती है ?

(iv) "पंचपरमेश्वर" के खो जाने को लेकर कवि चिंतित क्यों है ?

(v) नागरिक क्यों व्यवस्त हैं? क्या उनकी व्यस्तता जायज है ?

(vi) घर पहुँचने पर लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि को देख उनकी माँ क्यों रो पड़ती है ?

(vii) तुलसी के हृदय में किसका डर है ?

(viii) डायरी का लिखा जाना क्यों मुश्किल है ?

(ix) तिरिछ क्या है ? कहानी में यह किसका प्रतीक है ?

(x) जीवन में विद्रोह का क्या स्थान है ?

BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें:

(i) 'कला-कला के लिए' सिद्धान्त क्या है ?

(ii) 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा का सारांश लिखिए।

(iii) शिक्षा' शीर्षक लेख का सारांश लिखें।

(iv) 'हार-जीत' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें।

(v) उषा का जादू कैसा है ?

(vi) प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए :

(i) विगत एक-दो दशकों से युवा वर्ग में अपव्यय की प्रवृत्ति बढ़ रही है। भोगवाद की ओर युवक अधिक प्रवृत्त हो रहे हैं। वे सुख-सुविधा की प्रत्येक वस्तु पा लेना चाहते हैं और अपनी आय और व्यय में तालमेल बिठाने की उन्हें चिंता नहीं रहती है। धन-संग्रह न सही, कठिन समय के लिए कुछ बचाकर रखना भी वे नहीं चाहते। लुभावने विज्ञापनों के माध्यम से लुभाकर उत्पादक व्यवसायी उन्हें भरमाते हैं। परिणामस्वरूप आज का युवक मात्र उपभोक्ता बनकर रह गया है। अनेक कम्पनियाँ क्रेडिट कार्ड देकर उनकी खरीद-शक्ति को बढ़ाने का दावा करती है।

(ii) मनुष्य का सबसे प्रथम गुण साहस है। साहसी की प्रतिभा के सामने शोक , भय भाग जाते है | साहसी को संसार भी रास्ता दे देता है। मनुष्य में सब गुण हो वह विद्वान हो, धनवान हो, शक्तिशाली हो, पर यदि उसमें साहस न हो तो वह अपने सद्गुणों का अपनी योग्यताओं व अपनी शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकता। साहस मनुष्य के व्यक्तित्व नायक है। साहस व्यक्ति को निर्भय बनाता है और जहाँ निर्भयता होती है, वहा सफलता निश्चित है। निर्भयता से ही आत्मविश्वाश जाग्रत होता है |

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com